भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2644
07.08.2024 को उत्तर देने के लिए

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एमपीलैड्स

2644. श्री कार्ती पी. चिदम्बरमः
श्री भर्तृहरि महताबः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता के अंतर्गत जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत 5 वर्षों में दिव्यांग व्यक्तियों को एमपीलैड्स के माध्यम से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता की उपयोगिता रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) और (ख) एमपीलैड योजना के अंतर्गत, माननीय सांसद विकासात्मक कार्यों की अपनी संस्तुतियां जिला प्राधिकारियों को प्रत्यक्ष रूप से भेजते हैं और इन्हें जिला प्राधिकारियों द्वारा संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी नियमों तथा एमपीलैड्स संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार लागू किया जाता है ।

एमपीलैड योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान दिव्यांग व्यक्तियों के संबंध में जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा संलग्न है (अनुबंध-I)।

*****

अनुबंध -I

{दिनांक 07.08.2024 को उत्तर देने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2644 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में संदर्भित अनुबंध}

तालिका 1:एमपीलैड योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु को छोड़कर दिव्यांग व्यक्तियों के संबंध में जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा

(₹ लाख में)

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	अनुशंसित कार्यों की संख्या	स्वीकृत कार्यों की संख्या	पूरे किए गए कार्यों की संख्या	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि
1	2019-20	1714	1698	1667	860.94	830.97
2	2020-21	567	567	565	179.97	176.72
3	2021-22	499	488	482	292.10	288.14
4	2022-23	575	514	491	835.38	791.74
5	2023-24	327	283	197	602.41	541.28

तालिका 2: तमिलनाडु राज्य के संबंध में ब्यौरा

(₹ लाख में)

	विगत पांच वर्षों के दौरान संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता के अंतर्गत जारी निधियों का ब्यौरा		विगत 5 वर्षों में दिव्यांग व्यक्तियों को एमपीलैड्स के माध्यम से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता की उपयोगिता रिपोर्ट का ब्यौरा	
वित्तीय वर्ष	कार्यों की संख्या	राशि	कार्यों की संख्या	राशि
2019-2024	220	375.90	209	29.21

*****